सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन

2015-16

सूचना का अधिकार

उत्तराखण्ड सूचना आयोग

वार्षिक प्रतिवेदन 2015–16

500 प्रतियां

उत्तराखण्ड सूचना आयोग

सूचना का अधिकार भवन, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन

2015 – 16

सूचना का
अधिकार

उत्तराखण्ड सूचना आयोग

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	प्राक्कथन	1
2	सूचना का अधिकार आंकड़ों में	3
3	**अध्याय : 1** सूचना का अधिकार अधिनियम	**7**
4	**अध्याय : 2** उत्तराखण्ड सूचना आयोग	13
5	**अध्याय : 3** आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही	19
6	**अध्याय : 4** सूचना आवेदन पत्रों, द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों का संख्यात्मक विवरण	33
7	**अध्याय : 5** लोक प्राधिकारियों के स्तर पर धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत स्वः प्रकटन की स्थिति	47
8	**अध्याय : 6** आयोग की संस्तुतियां	**61**
9	**अध्याय : 7** आयोग द्वारा द्वितीय अपीलों / शिकायतों में आरोपित शास्तियां	65
10	**अध्याय : 8** वर्ष 2014 - 15 में आयोग को प्राप्त बजट	101

सूचना का
अधिकार

प्राक्कथन

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 25 की उपधारा (1) के अंतर्गत उत्तराखण्ड सूचना आयोग का ग्यारहवां वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2015–16) प्रस्तुत किया जा रहा है।

विभिन्न लोक प्राधिकारियों द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के प्राविधानों को नियमानुसार क्रियान्वित किये जाने के विवरणों पर ही यह वार्षिक प्रतिवेदन केंद्रित है. इनमें मुख्य रूप से लोक सूचना अधिकारियों को प्राप्त सूचना आवेदन पत्र; प्रथम अपीलीय अधिकारियों को प्राप्त विभागीय अपीलें; आवेदन शुल्क के रूप में प्राप्त धनराशि; धारा 19(3) के अन्तर्गत आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों एवं धारा 18 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण' तथा आयोग द्वारा आरोपित शास्तियों आदि से सम्बन्धित विवरण सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त आयोग को वर्ष 2015–16 में प्राप्त बजट का विवरण भी इस प्रतिवेदन में दिया गया है।

आलोच्य अवधि में कुल 104258 सूचना अनुरोध पत्र विभिन्न लोक सूचना अधिकारियों को प्राप्त हुये, जिसके सापेक्ष कुल 93791 अनुरोध पत्रों का निस्तारण किया गया। इस अवधि में विभिन्न प्रथम अपीलीय अधिकारियों को कुल 9479 प्रथम अपीलें भी प्राप्त हुयीं, जिसके सापेक्ष कुल 7940 प्रथम अपीलों का निस्तारण किया गया।

साथ ही, वर्ष के दौरान आयोग द्वारा कुल 3464 द्वितीय अपीलों तथा 1182 शिकायतों पर सुनवाई की गयी जिसमें से क्रमशः 2303 अपीलों तथा 914 शिकायतों का आयोग स्तर से निस्तारण किया गया.

निःसंदेह, अपने अस्तित्व के 11 वर्ष पूर्ण कर चुके सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र और अधिक सशक्त हुआ है। इस अधिकार से ई–गवर्नेंस और सूचना प्रोद्यौगिकी के युग में अपनी परम्परागत समस्याओं में उलझे प्रशासनिक तंत्र को एक नयी प्रशासनिक कार्य संस्कृति स्थापित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है।

मैं आशा करता हूं कि इस प्रतिवेदन में आयोग द्वारा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार के स्तर से की जाने वाली कार्यवाही हेतु जो संस्तुतियां की गयी हैं, उन पर राज्य सरकार द्वारा यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

लोक प्राधिकारियों के स्तर पर सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 4 में उल्लिखित स्व–प्रकटन की भावना को पूरी तरह से आत्मसात किये जाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा और अधिक ठोस कदम उठाये जाने भी अपेक्षित हैं।

भारतीय संसद द्वारा नागरिकों को प्रदान किये गये सूचना का अधिकार के संरक्षक के रूप में कार्य करना भी उत्तराखण्ड सूचना आयोग के अधिदेश का एक महत्वपूर्ण अंग है, तथा इसके पूर्ण–रूपेण पालन के लिए सूचना आयोग का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। सूचना आयोग की इस भूमिका को निभाने के लिए आयोग के सभी राज्य सूचना आयुक्तों द्वारा महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य एवं निरन्तर अथक प्रयास किये जा रहे हैं।

मैं इस अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार तथा विशेष रूप से मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं सचिव, सामान्य प्रशासन उत्तराखण्ड शासन को सूचना का अधिकार अधिनियम में विभिन्न उत्तरदायित्वों के निर्वहन में आयोग को समय–समय पर प्रदत्त सहायता एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

इस वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने में आयोग के अधिकारियों, विशेष रूप से श्री राजेश नैथानी द्वारा जो विशेष प्रयास किया गया है, उसके लिए मैं उन्हें भी धन्यवाद देता हूँ।

शत्रुघ्न सिंह
मुख्य सूचना आयुक्त

सूचना का अधिकार आंकड़ों में
वर्ष 2015 – 16

1	प्रदेश के समस्त लोक सूचना अधिकारियों को प्राप्त सूचना आवेदन पत्रों की संख्या	1,04,258
2	प्राप्त सूचना आवेदन पत्रों के सापेक्ष निस्तारित आवेदनों की संख्या	93,791
3	प्रदेश के समस्त प्रथम अपीलीय अधिकारियों को प्राप्त प्रथम / विभागीय अपीलों की संख्या	9479
4	प्राप्त प्रथम अपीलों के सापेक्ष निस्तारित अपीलों की संख्या	7940

5	प्रथम पांच विभाग जिन्हें सबसे अधिक सूचना आवेदन पत्र प्राप्त हुये*				
	राजस्व	गृह	वन	विद्यालयी शिक्षा	समाज कल्याण
	15902	14834	8219	6483	6252

6	आलोच्य वर्ष में आयोग को प्राप्त द्वितीय अपील	
	कुल द्वितीय अपीलों पर सुनवाई	कुल निस्तारण
	3464	2303

7	आलोच्य वर्ष में आयोग को प्राप्त शिकायत	
	कुल शिकायतों पर सुनवाई	कुल निस्तारण
	1128	914

8	आयोग द्वारा आरोपित शास्तियों / क्षतिपूर्तियों की संख्या	221 शास्ति आरोपित कोई क्षतिपूर्ति नहीं
9	आरोपित शास्तियों की धनराशि (रु.)	48,90,250
10	आरोपित क्षतिपूर्तियों की धनराशि (रु.)	–
11	आयोग द्वारा संस्तुत विभागीय कार्यवाही की संख्या	कोई नही
12	आयोग के आदेश के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में दायर वाद	26

*(प्रदेश के लोक प्राधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर)

सूचना का अधिकार अधिनियम

1. सूचना का अधिकार अधिनियम

सूचना का अधिकार अधिनियम के द्वारा भारत में एक ऐसे युग का सूत्रपात किया गया है जिसमें किसी भी सरकारी सूचना तक जनसामान्य की पहुंच अत्यन्त सरल रूप में सम्भव हो पाती है. इसके साथ ही, सूचना का अधिकार अधिनियम के कारण ही सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली में व्यापक पारदर्शिता तथा जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सकी है.

इस अधिनियम को अंगीकृत कर भारत विश्व के उन 55 राष्ट्रों की श्रेणी में सम्मिलित हुआ जहां सूचना के अधिकार को विधिक मान्यता प्रदान की गयी है. ऐसे राष्ट्रों में से अधिकांश पाश्चात्य और आर्थिक दृष्टि से विकसित राष्ट्र हैं. भारत उन कुछ विकासशील राष्ट्रों में से एक है जहां ऐसा अधिनियम बनाया गया है.

सूचना का अधिकार विधेयक, 2004 लोक सभा में दिनांक 23 दिसम्बर, 2004 को प्रस्तुत किया गया एवं उक्त विधेयक कतिपय संशोधनों के उपरान्त दिनांक 11 मई, 2005 को लोक सभा द्वारा पारित किया गया। राज्य सभा द्वारा उक्त विधेयक दिनांक 12 मई, 2005 को पारित किया गया. महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा इस अधिनियम को 15 जून, 2005 को अपनी स्वीकृति प्रदान की गयी, तत्पश्चात महामहिम राष्ट्रपति की स्वीकृति के दिनांक से 120वें दिन, अर्थात 12 अक्टूबर, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम प्रभाव में है.

"लोक प्राधिकारी" की परिभाषा में सभी संवैधानिक संस्थाओं, सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, निगम, स्थानीय निकाय, पंचायतें, तथा ऐसे गैर सरकारी संगठन सम्मिलित हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी निधियों से किसी न किसी रूप में वित्त–पोषित हैं.

सूचना का अधिकार, नागरिकों को लोक प्राधिकारियों से सूचना प्राप्त करने हेतु अधिकार सम्पन्न करता है तथा कतिपय अपवादों को छोड़ कर लोक प्राधिकारी के द्वारा नागरिकों को सूचना उपलब्ध कराने का प्राविधान करता है. **नागरिकों को जो सूचना देय है उससे उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता है.** इस प्रकार यह अधिनियम लोकतंत्र में नागरिकों को एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सशक्त अधिकार से लैस करता है ताकि सरकारों की नागरिकों के प्रति जवाबदेही बनी रहे.

अब तक की अपने 10 वर्षों की इस यात्रा में सूचना का अधिकार अधिनियम को अब विभिन्न सरकारी विभागों (जिनके द्वारा समस्त सूचनायें धारित एवं नियंत्रित की जाती हैं) तथा जनसामान्य (जो प्रजातंत्र के रचयिता तथा लाभार्थी हैं) के बीच में अवस्थित अधिकार समीकरण में संतुलन स्थापित करने की एक उत्तम व्यवस्था के रूप में भी देखा जा रहा है.

सूचना का अधिकार कानून क्या है ?

अधिनियम में सूचना का अधिकार की निम्नलिखित प्रस्तावना (Preamble) दी गयी है :

''प्रत्येक लोक प्राधिकारी के कार्यकरण में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के संवर्धन के लिए, लोक प्राधिकारियों के नियंत्रणाधीन सूचना तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों के सूचना के अधिकार की व्यावहारिक शासन पद्धति स्थापित करने, केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोग का गठन करने और उनसे सम्बन्धित या उनसे आनुषांगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम''.

सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत :

- सूचना का अधिकार अधिनियम भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1) के अन्तर्गत नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अन्तर्गत प्रदत्त एक मौलिक अधिकार है. यह अधिनियम दिनांक 12 अक्टूबर, 2005 से प्रभावी है.
- भारत के नागरिक को किसी भी लोक प्राधिकारी से सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा–6(1) के अन्तर्गत सूचना मांगने का अधिकार प्राप्त है.
- किसी भी सरकारी कार्यालय द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने तथा निर्माण सामग्री के नमूने प्राप्त करने का अधिकार भी यह अधिनियम नागरिकों को प्रदान करता है.
- सूचना प्राप्त करने हेतु दस रूपये का आवेदन शुल्क निर्धारित है जो नकद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पोस्टल ऑर्डर/नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प के माध्यम से जमा किया जा सकता है. गरीबी रेखा से नीचे के आवेदकों हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है, परन्तु ऐसे आवेदकों को अपने सूचना आवेदन के साथ अपने बी.पी.एल. कार्ड की प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है.
- अभिलेखों/पत्रावलियों का निरीक्षण आवेदन शुल्क देने के बाद एक घण्टा निःशुल्क किया जा सकता है, इसके उपरान्त प्रत्येक 60 मिनट या उसके किसी भाग के लिए

पांच रूपया अतिरिक्त शुल्क का भुगतान किया जाना होगा.

- अभिलेख की ए–3 या ए–4 आकार की छायाप्रति हेतु दो रूपया प्रति पृष्ठ फीस निर्धारित है, इससे बड़े आकार के अभिलेख की प्रति प्राप्त करने हेतु वास्तविक लागत देनी होगी. सी.डी./डी.वी.डी. में सूचना प्राप्त करने के लिए बीस रुपये का शुल्क देय है.
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले आवेदक को स्वयं अथवा उसके परिवार से सम्बन्धित सूचना निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है. इससे भिन्न सूचना के लिए 50 पृष्ठों अथवा रु. 100 की सूचना निःशुल्क दी जायेगी, तथा इससे अधिक सूचना नियत शुल्क का भुगतान करने के उपरान्त प्रदान की जाती है.
- वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा विलम्बतम तीस दिन के अन्दर उपलब्ध करायी जानी होती है.
- निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध न होने पर या गलत अथवा भ्रामक अथवा अधूरी सूचना देने पर उसकी अपील विभाग के अपीलीय अधिकारी को अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत की जाती है.
- विभागीय अपीलीय अधिकारी को प्रथम अपील का निस्तारण तीस दिन के भीतर करना होता है.
- विभागीय अपीलीय अधिकारी के निर्णय से क्षुब्ध होने पर द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग को अधिनियम की धारा 19(3) के अन्तर्गत 90 दिन की समयावधि के भीतर की जा सकती है.
- यदि किसी नागरिक को सूचना पाने में कोई कठिनाई होती है अथवा किसी लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी से अपूर्ण, असत्य अथवा भ्रामक सूचना प्राप्त होती है, तो वह अधिनियम की धारा 18(1) के अन्तर्गत आयोग को शिकायत भी दर्ज कर सकता है, आयोग ऐसे प्रकरणों की आवश्यकतानुसार जांच भी करा सकता है.

लोक प्राधिकारी

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2 (परिभाषायें) के अन्तर्गत अधिनियम में 'लोक प्राधिकारी' से (क) संविधान द्वारा या उसके अधीन; (ख) संसद द्वारा बनाई गयी किसी अन्य विधि द्वारा; (ग) राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाई गयी किसी अन्य विधि द्वारा; (घ) समुचित सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना या किये गये आदेश द्वारा स्थापित या गठित कोई प्राधिकरण या निकाय या स्वायत्त सरकारी संस्था अभिप्रेत है; और इसके अन्तर्गत (i) कोई ऐसा निकाय जो केंद्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन और नियंत्रणाधीन या उसके द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध करायी गयी निधियों द्वारा वित्त पोषित है; (ii) कोई ऐसा गैर सरकारी संगठन है जो समुचित सरकार द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध करायी गयी निधियों द्वारा वित्त पोषित है, सम्मिलित है.

उपरोक्त परिभाषा के अन्तर्गत ही उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी 29 जुलाई 2005 के शासनादेश द्वारा

(i) सचिवालय में शासन के समस्त विभागों,

(ii) शासन के समस्त निदेशालयों,

(iii) निदेशालयों के मुख्यालयों,

(iv) मण्डल स्तरीय सभी कार्यालयों,

(v) जनपद स्तरीय सभी कार्यालयों,

(vi) सब डिविजन स्तरीय सभी कार्यालयों,

(vii) विकास खण्ड स्तरीय सभी कार्यालयों,

(viii) सभी सार्वजनिक निगमों, परिषदों, प्राधिकरणों, संस्थाओं, स्वायत्तशासी संस्थाओं तथा अन्य निकायों,

(ix) शहरी क्षेत्रों की समस्त नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों तथा नगर निगम,

(x) प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों, तथा

(xi) ऐसी सभी गैर सरकारी संस्थाओं को, जो प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकार से बड़ी मात्रा में वित्त पोषित हैं, लोक प्राधिकारी घोषित किया गया है (शासनादेश संख्या 177/XXII/2005 दिनांक 29/07/05).

इसके अतिरिक्त राज्य विधान सभा द्वारा पारित अधिनियम के द्वारा गठित विश्वविद्यालय भी लोक प्राधिकारी की परिभाषा से आच्छादित होते हैं.

शासनादेश संख्या 177/XXII/2005; 29/07/05 को उत्तराखण्ड कार्य (बंटवारा) नियमावली, 2003 के नियम 4 के साथ पढ़े जाने पर यह स्पष्ट होगा कि सभी प्रमुख सचिव या सचिव, जिस विभाग / जिन विभागों के वे प्रशासनिक मुखिया हैं, वे इन लोक प्राधिकारियों को प्रख्यापित करने के लिए उत्तरदायी प्राधिकारी हैं. उत्तराखण्ड कार्य (बंटवारा) नियमावली, 2003 के नियम 4 तथा शासनादेश दिनांक 29 जुलाई 2005 के अनुसार विभागीय प्रमुख सचिव / सचिव का यह उत्तरदायित्व है कि वह अपने प्रशासनिक विभाग के अन्तर्गत सभी लोक प्राधिकारियों को प्रख्यापित कर उनसे अपेक्षा करें कि वे सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत जो लोक प्राधिकारियों के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व हैं, उनका अनुपालन करें. लोक प्राधिकारियों को प्रख्यापित करने में किये गये विलम्ब से सूचना का अधिकार अधिनियम के उपबंधों का क्रियान्वयन प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है.

सूचना का अधिकार अधिनियम में एक महत्वपूर्ण 'स्टेक होल्डर' वे विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष भी हैं जिनको राज्य सरकार द्वारा मुख्य रूप से बतौर लोक प्राधिकारी चिन्हांकित किया गया है तथा जिन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के प्राविधानों के क्रियान्वयन हेतु मुख्य रूप से उत्तरदायी माना गया है.

लोक सूचना अधिकारी तथा विभागीय अपीलीय अधिकारी

प्रत्येक लोक प्राधिकारी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 5(1) के अनुपालन में लोक सूचना अधिकारियों का नामांकन किया जायेगा. यह लोक सूचना अधिकारी प्रत्येक लोक प्राधिकारी के समस्त प्रशासनिक इकाईयों तथा कार्यालयों के लिए अलग–अलग नामित किये जाने हैं. लोक सूचना अधिकारी ऐसा अधिकारी होगा जिसे लोक प्राधिकारी की अभिरक्षा में रखी गयी सूचना उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो.

लोक सूचना अधिकारियों तथा सहायक लोक सूचना अधिकारियों की संख्या तथा उन्हें किस स्तर तक नामित किया जाये, इसका निर्धारण करते समय जन सामान्य की सुविधा का भी ध्यान रखा जायेगा.

ऐसी गैर सरकारी संस्थाऐं, जिन्हें लोक प्राधिकारी के रूप में चिन्हित किया गया है, वे भी लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नामित करेंगे.

अधिनियम की धारा 5(2) के अनुसार प्रत्येक लोक प्राधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ लोक सूचना अधिकारियों के स्तर पर इतनी संख्या में सहायक लोक सूचना अधिकारी नामित किये जायेंगे जिससे प्रार्थना पत्र / अपीलों को प्रस्तुत करने में जन सामान्य को कोई कठिनाई न हो.

प्रत्येक लोक प्राधिकारी के द्वारा प्रथम अपील के लिए विभागीय अपीलीय अधिकारी को भी नामित किया जायेगा जो नामित लोक सूचना अधिकारी से वरिष्ठ स्तर का कोई अधिकारी होगा.

लोक सूचना अधिकारियों तथा विभागीय अपीलीय अधिकारियों द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों, संदर्भों, शिकायतों तथा अपीलों को सामान्य पत्राचार के रूप में व्यवहृत न कर इनके लिए निर्धारित अलग पंजिका में इस प्रकार से रखे जायेंगे जिससे सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित किसी भी पत्राचार की प्राप्ति अथवा उसके निस्तारण सम्बन्धी सूचना तात्कालिक रूप से उपलब्ध हो सके तथा अन्य श्रोतों से मांगे जाने पर सम्बन्धित सूचना तत्काल उपलब्ध करायी जा सके.

अधिनियम की महत्वपूर्ण धारायें

धारा 4

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत समस्त लोक प्राधिकारियों द्वारा सूचना को स्वैच्छिक रूप से प्रकट (Pro-Active Disclosures) करने का प्राविधान है. अधिनियम की धारा 1(3) के अनुसार प्रत्येक लोक प्राधिकारी को अधिनियम की धारा 4(1) के अन्तर्गत इंगित अभिलेखों को अधिनियम के गजट नोटिफिकेशन के 120 दिन के अन्दर अर्थात 12/10/2005 तक पूर्ण कर लेना अपेक्षित था, जिससे लोक प्राधिकारी से सम्बन्धित सूचना इस अधिनियम के अन्तर्गत विभागीय मैनुअल के रूप में जन–सामान्य को आसानी से सुलभ हो सके. प्रत्येक मैनुअल के अन्त में, मैनुअल के नैरेटिव के सापेक्ष, मूल शासनादेशों की प्रतियां भी क्रमबद्ध रूप से संलग्न किये जाने होते हैं जिससे ऐसे सभी सुसंगत तथ्य इन मैनुअलों में उपलब्ध हों जो जनता को प्रभावित करते हैं.

लोक प्राधिकारियों द्वारा तैयार मैनुअलों तक जनसामान्य की पहुंच को सहज बनाने के उद्देश्य से अधिनियम की धारा 4(2), 4(3) तथा 4(4) के अन्तर्गत मैनुअलों को प्रकाशित करने तथा इंटरनैट के माध्यम से प्रसारित करना सुनिश्चित करना होता है.

धारा 6

किसी भी लोक प्राधिकारी से सूचना प्राप्त करने के लिए अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी को निर्धारित फीस के साथ आवेदन किया जाना होता है. इस अनुरोध पत्र में आवेदक को अपने डाक पते के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं देनी होती है.

यदि लोक सूचना अधिकारी को प्राप्त आवेदन पत्र में मांगी गयी सूचना उसके कार्यालय से सम्बन्धित नहीं हैं, अथवा उसके कार्यालय द्वारा धारित नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वह लोक सूचना अधिकारी अधिनियम की धारा 6(3) के अन्तर्गत अनुरोध पत्र को सही/सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी को 5 दिन की अवधि में अन्तरित करना सुनिश्चित करेगा, तथा इस अन्तरण के सम्बन्ध में आवेदक को भी लिखित रूप में सूचित करेगा.

धारा 7

प्राप्त अनुरोध पत्र पर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी द्वारा (i) मांगी गयी सूचना के सापेक्ष अतिरिक्त शुल्क (यदि हो तो आवेदन प्राप्त होने के 07 दिन के भीतर) की गणना कर आवेदक को अवगत कराया जायेगा, तथा अतिरिक्त शुल्क की धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध करायी जायेगी; अथवा (ii) आवेदन प्राप्त होने के तीस

दिन के भीतर वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध करायी जायेगी. जीवन एवं स्वतंत्रता से सम्बन्धित सूचना 48 घण्टे के अन्दर दिया जाना प्राविधानित है.

धारा 8

अधिनियम की इस धारा के अन्तर्गत ऐसी सूचना को प्रकट किये जाने से छूट दी गयी है –

(i) जिसके प्रकटन से भारत की प्रभुता और अखण्डता, राज्य की सुरक्षा, रणनीति वैज्ञानिक या आर्थिक हित, विदेश से सम्बन्ध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो,

(ii) जिसके प्रकाशन को किसी न्यायालय या अभिकरण द्वारा अभिव्यक्त रूप से निषिद्ध किया गया हो, या जिसके प्रकटन से न्यायालय की अवमानना होती हो,

(iii) जिसके प्रकटन से संसद् या किसी राज्य के विधान–मण्डल का विशेषाधिकार भंग होता हो,

(iv) वाणिज्यिक विश्वास, व्यापार गोपनीयता या बौद्धिक सम्पदा से सम्बन्धित सूचना, अथवा किसी व्यक्ति को उसकी वैश्वासिक नातेदारी में उपलब्ध सूचना जिसके प्रकटन से किसी पर व्यक्ति की प्रतियोगी स्थिति को नुकसान होता हो,

(v) जिसके प्रकटन से किसी व्यक्ति के जीवन या शारीरिक सुरक्षा को खतरा हो सके या जो विधि प्रवर्तन या सुरक्षा प्रयोजनों के लिए विश्वास में दी गई किसी सूचना या सहायता के स्रोत की पहचान करे,

(vi) जिसके प्रकटन से अपराधियों के पकड़े जाने, अपराध की विवेचना या अभियोजन की क्रिया में अड़चन पड़ेगी,

(vii) मंत्रिमंडल के कागजपत्र जिसके प्रकटन से मंत्रिपरिषद, सचिवों और अन्य अधिकारियों के विचार विमर्श में अड़चन पडेगी,

(viii) ऐसी सूचना जो व्यक्तिगत सूचना से सम्बन्धित है, जिसका किसी लोक क्रियाकलाप या हित से सम्बन्ध नहीं है या जिसके प्रकटन से किसी व्यक्ति की एकांतता पर अनावश्यक अतिक्रमण हो.

उपरोक्त में से (iv), (v) एवं (viii) से सम्बन्धित सूचनाओं के सम्बन्ध में यदि सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी सूचनाओं का प्रकटन व्यापक लोक हित में है, तब ऐसी सूचनाओं को भी आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराया जायेगा.

मंत्रिपरिषद के विनिश्चय, उनके कारण तथा वह सामग्री जिसके आधार पर विनिश्चय किये गये थे, को विनिश्चय किये जाने तथा विषय के पूरा या समाप्त होने के बाद आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराये जायेंगे.

धारा 18

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 18(1) के अन्तर्गत आयोग द्वारा ऐसे प्रकरणों में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतें प्राप्त कर उनकी जांच की जा सकती है जहां किसी भी नागरिक को

- सूचना देने से इंकार किया गया हो,
- मिथ्या अथवा भ्रामक सूचना उपलब्ध करायी गयी हो,
- अनुचित फीस की मांग की गयी हो,
- अभिलेख उपलब्ध न कराये गये हों, अथवा
- समय से सूचना उपलब्ध न करायी गयी हो.

आयोग द्वारा लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी के विरूद्ध ऐसी प्राप्त शिकायत को दर्ज कर उसकी जांच अधिनियम की धारा 18(2) में की जा सकती है. ऐसी जांचों के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 18(3) में आयोग को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन समन प्रेषित करने, शपथ पत्र पर लिखित/मौखिक साक्ष्य लेने आदि जैसी सिविल न्यायालय की शक्तियां भी प्रदान की गयी हैं.

धारा 19

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत आवेदकों को विभागीय स्तर पर प्रथम अपील करने का अधिकार प्रदान किया गया है जिसका प्रयोग उनके द्वारा सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी से अस्पष्ट सूचना प्राप्त होने/सूचना न प्राप्त होने अथवा प्राप्त सूचना से संतुष्ट न होने की स्थिति में किया जाता है. प्रथम अपील की नियमानुसार सुनवाई ऐसे नामित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये जाने का प्राविधान अधिनियम में दिया गया है जो लोक सूचना अधिकारी से उच्च स्तर के हों. प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रथम अपीलों का 30 दिन की समयावधि के भीतर निस्तारण करना होता है. प्रथम अपील पर दिये गये निर्णय लिखित में जारी करने में यदि निर्धारित 30 दिन की अवधि से अधिक समय लगता है तो इस अतिरिक्त अवधि के लिए लिखित में आवश्यक रूप से कारण अभिलिखित करना चाहिए तथा यह अतिरिक्त अवधि निर्धारित 30 दिन की अवधि सहित किसी भी दशा में कुल 45 दिन से अधिक नहीं होनी चाहिए.

प्रथम अपील की नियमानुसार सुनवायी व निस्तारण न होने, अथवा प्रथम अपील के निस्तारण से क्षुब्ध होने की स्थिति में अपीलकर्ता द्वारा आयोग में अधिनियम की धारा 19(3) के अन्तर्गत द्वितीय अपील की जा सकती है. इस द्वितीय अपील में अपीलकर्ता को अपने सूचना अनुरोध पत्र, लोक सूचना अधिकारी से प्राप्त सूचना (यदि दी गयी हो), प्रेषित प्रथम अपील तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी के द्वारा किये गये निस्तारण (यदि किया गया हो) की स्वःप्रमाणित प्रतियां लगायी जानी आवश्यक हैं. द्वितीय अपील को आयोग में तीन प्रतियों में जमा कराना होता है.

उत्तराखण्ड
सूचना आयोग

2. उत्तराखण्ड सूचना अयोग

उत्तराखण्ड सूचना आयोग का गठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15 की उपधारा (1) के अन्तर्गत, उत्तरांचल शासन, सूचना अनुभाग की अधिसूचना संख्या 253 / XXII / 2005–1(20)2005 दिनांक 03 अक्टूबर 2005 के द्वारा किया गया था जिसके क्रम में राज्य के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में डा. आर. एस. टोलिया की नियुक्ति उत्तरांचल शासन, सूचना अनुभाग की अधिसूचना संख्या 252 / XXII / 2005–1(20)2005 दिनांक 03 अक्टूबर 2005 के द्वारा की गयी थी. इसके उपरान्त राज्य सरकार द्वारा माह नवम्बर, 2009 में अधिसूचना संख्या 780 / XXX (13)G / 2009 दिनांक 11 नवम्बर, 2009 के द्वारा श्री विनोद नौटियाल को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। राज्य सूचना आयुक्त के रूप में श्री विनोद नोटियाल का पाँच वर्ष का कार्यकाल दिनांक 15 / 12 / 2014 को पूर्ण हुआ।

आयोग एवं प्रदेश के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त डा. आर. एस. टोलिया दिनांक 17 / 10 / 10 को सेवानिवृत्त हुये जिसके उपरांत दिनांक 19 / 10 / 10 को राज्य सरकार द्वारा श्री एन. एस. नपलच्याल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया (अधिसूचना संख्या 933 / XXX(13)G / 2009 – 52 (5)207). दिनांक 19 / 10 / 10 को ही राज्य सरकार द्वारा श्री अनिल कुमार शर्मा तथा श्री प्रभात डबराल को भी राज्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान की गयी. (अधिसूचना संख्या 934 / XXX(13)G / 2009– 52(5)207 तथा अधिसूचना संख्या 935 / XXX(13)G / 2009–52(5)207).

राज्य सरकार द्वारा दिनांक 10 / 05 / 13 को श्री राजेन्द्र कोटियाल को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान की गयी. (अधिसूचना संख्या : 1594/xxxi(13)G/2013-41 सा. / 2013).

राज्य सरकार द्वारा दिनांक 15 / 01 / 14 को श्री सुरेन्द्र सिंह रावत को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान की गयी. (अधिसूचना संख्या : 81/xxxi(13)G/2014-41 सा. / 2013).

श्री एन.एस. नपलच्याल के दिनांक 01 / 04 / 15 को सेवानिवृत्त होने पर शासनादेश संख्या 330/xxxi(13)/G/15-2 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा नये मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति किये जाने तक श्री प्रमात डबराल, राज्य सूचना आयुक्त को उत्तराखण्ड सूचना आयोग के सामान्य अधीक्षण एवं प्रबंधन करने के लिए नामित किया गया।

दिनांक 18 / 10 / 15 को श्री अनिल कुमार शर्मा तथा श्री प्रभात डबराल के सेवानिवृत्त होने पर शासनादेश संख्या 2562/xxxi(13)/G/15-2 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा नये मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति किये जाने तक श्री राजेन्द्र कोटियाल, राज्य सूचना आयुक्त को उत्तराखण्ड सूचना आयोग के सामान्य अधीक्षण एवं प्रबंधन करने के लिए नामित किया गया।

इस प्रकार वर्ष 2015–16 की अवधि में उत्तराखण्ड सूचना आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों तथा शिकायतों पर सुनवाई राज्य सूचना आयुक्त, श्री अनिल कुमार शर्मा (18.10.2015 तक), श्री प्रभात डबराल (18.10.2015 तक) श्री राजेन्द्र कोटियाल तथा श्री सुरेन्द्र सिंह रावत द्वारा की गयी.

राज्य सूचना आयोग के लिए अधिनियम में दी गयी व्यवस्थायें

- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15 के अनुसार राज्य सरकार गजट में अधिसूचना जारी करके एक राज्य सूचना आयोग का गठन करेगी. राज्य सूचना आयोग में एक राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा यथा आवश्यक अधिकतम दस राज्य सूचना आयुक्त हो सकते हैं. इन आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति की सिफारिश पर महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा की जायेगी. इस समिति के अध्यक्ष मा. मुख्यमंत्री होंगे तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य मंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री इसके सदस्य होंगे.
- अधिनियम की धारा 15(5) के अनुसार राज्य मुख्य सूचना आयुक्त या राज्य सूचना आयुक्त वही व्यक्ति नियुक्त किये जा सकेंगे जो सार्वजनिक जीवन में जानेमाने व्यक्ति हों तथा उन्हें कानून, विज्ञान व टेक्नॉलाजी, समाज सेवा, प्रबन्धन, पत्रकारिता, मास मीडिया या प्रशासन क्षेत्र का विस्तृत ज्ञान व अनुभव हो. इन्हें न तो सांसद होना चाहिए और न ही किसी राज्य की विधानसभा या विधान मंडल का सदस्य होना चाहिये. उन्हें किसी राजनैतिक दल का पदाधिकारी भी नही होना चाहिये. इन्हें किसी व्यापार या व्यवसाय में भी नहीं लिप्त होना चाहिये.
- मुख्य सूचना आयुक्त व राज्य सूचना आयुक्तों को महामहिम श्री राज्यपाल या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के समक्ष शपथ लेनी होगी.

- मुख्य सूचना आयुक्त व राज्य सूचना आयुक्त राज्यपाल को सम्बोधित इस्तीफा देकर किसी भी समय अपना पद त्याग सकते हैं.
- राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त की सेवा शर्तें व भत्ते भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त के समान होंगें तथा राज्य सूचना आयुक्तों की सेवा शर्तें व भत्ते राज्य के मुख्य सचिव के समान होंगें. इस वेतन, भत्ते में से पिछली सेवा के पेंशन लाभों को घटा दिया जायेगा. इनके सेवा काल में वेतन, भत्ते व अन्य सेवा शर्तों में कोई अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जायेगा.
- मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य राज्य सूचना आयुक्तों को अपने कार्य करने के लिये आवश्यकतानुसार स्टाफ आदि की उपलब्धता राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित की जायेगी.
- उत्तराखण्ड सूचना आयोग का कार्यालय सूचना का अधिकार भवन, मसूरी बाईपास रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून से संचालित हो रहा है.

आयोग की शक्तियां और कृत्य, अपील तथा शास्तियां

शिकायतों पर कार्यवाही

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 18(1) के अधीन आयोग किसी भी नागरिक को सूचना न मिलने, मिथ्या अथवा भ्रामक सूचना उपलब्ध कराने, अनुचित फीस मांगने, अभिलेख उपलब्ध न कराने अथवा समय से सूचना उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में किसी लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी के विरूद्ध प्राप्त शिकायत को दर्ज कर उसकी जांच अधिनियम की धारा 18(2) में कर सकता है. ऐसी जांचों के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 18(3) में आयोग को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन सिविल न्यायालय की निम्नलिखित शक्तियां प्रदान की गयी है :

- किन्हीं व्यक्तियों को समन करना, और उन्हें उपस्थित कराना, शपथ पर मौखिक या लिखित साक्ष्य देने के लिए और दस्तावेज या चीजें पेश करने के लिए उनको विवश करना
- दस्तावेजों के प्रकटीकरण और निरीक्षण की अपेक्षा करना
- किसी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रतियां मांगना
- साक्षियों या दस्तावेजों की परीक्षा के लिए समन जारी करना
- कोई अन्य विषय जो विहित किया जाये.

आयोग स्तर पर द्वितीय अपील का निस्तारण

लोक सूचना अधिकारी के किसी विनिश्चय के विरूद्ध प्रथम अपील, लोक सूचना अधिकारी से वरिष्ठ अधिकारी, जिसे अपीलीय अधिकारी नामित किया गया है, को विनिश्चिय के 30 दिन के भीतर की जा सकती है. प्रथम अपील के विभागीय अपीलीय अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग में 90 दिन के भीतर की जा सकेगी. द्वितीय अपील में अपने विनिश्चय के सम्बन्ध में राज्य सूचना आयोग को निम्नलिखित शक्तियां प्राप्त हैं :

- लोक प्राधिकारियों से ऐसे उपाय करने की अपेक्षा करना जो अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हों.
- सूचना तक पहुंच उपलब्ध कराना, यदि विशिष्ट प्रारूप में ऐसा अनुरोध किया गया है.
- लोक प्राधिकारियों में यथास्थिति लोक सूचना अधिकारी / अपीलीय अधिकारी को नियुक्त करना.
- लोक प्राधिकारी के यहां अभिलेखों के अनुरक्षण, प्रबंध और विनिष्टीकरण से संबंधित अपनी पद्धतियों में आवश्यक परिवर्तन करना.
- अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार के सम्बन्ध में प्रशिक्षण के उपबंध को बढ़ाना.
- लोक प्राधिकारी से शिकायकर्ता को, उसके द्वारा वहन की गयी किसी हानि या अन्य नुकसान के लिए प्रतिपूरित करने की अपेक्षा करना.
- अधिनियम के अधीन उपबंधित शास्तियों मे से कोई शास्ति अधिरोपित करना

द्वितीय अपील में राज्य सूचना आयोग का विनिश्चय बाध्यकारी होगा.

शास्ति एवं विभागीय कार्यवाही

अधिनियम की धारा 20(1) के अंतर्गत आयोग यदि किसी शिकायत या अपील के विनिश्चय करते समय पाता है कि किसी लोक सूचना अधिकारी ने युक्तियुक्त कारण के बिना सूचना के लिये आवेदन प्राप्त करने से इंकार किया है या विनिर्दिष्ट समय के भीतर सूचना नहीं दी है, या असद्भावपूर्वक सूचना के लिए अनुरोध से इंकार किया है या जानबूझकर गलत, अपूर्ण या भ्रामक सूचना दी है या उस सूचना को नष्ट किया है जो अनुरोध का विषय थी या सूचना देने में बाधा डाली है तो वह ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जब तक सूचना दी जाती है, दो सौ पचास रुपये की शास्ति अधिरोपित कर सकता है,

तथापि ऐसी शास्ति की कुल रकम पच्चीस हजार रुपये से अधिक नहीं होगी. परन्तु शास्ति अधिरोपित करने से पूर्व संबंधित लोक सूचना अधिकारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिया जायेगा. अधिनियम की धारा 20(2) के अधीन आयोग ऐसे प्रकरणों में लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध विभागीय सेवा नियमावली के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की सिफारिश भी कर सकता है.

अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

अधिनियम की धारा 25 में सूचना आयोग को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के सम्बन्ध में लोक प्राधिकारी के कार्यों के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण के अधिकार प्रदान किये गये हैं. इनमें मुख्यत :

- प्रत्येक विभाग / लोक प्राधिकारी से ऐसी सूचनाओं को एकत्रित कराना जो इस अधिनियम के अन्तर्गत वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपेक्षित है.
- प्रत्येक विभाग / लोक प्राधिकारी इस धारा के प्रयोजनों के लिए उस सूचना को आयोग को देने तथा अभिलेख रखने से सम्बन्धित अपेक्षाओं का पालन करेगा.
- सूचना आयोग ऐसे सुधार के लिए सिफारिशें राज्य सरकार को प्रेषित करेगा जिनके अंतर्गत इस अधिनियम या विधान या सामान्य विधि के विकास, समुन्नति, आधुनिकीकरण, सुधार या संशोधन के लिए विशिष्ट लोक प्राधिकारियों के संबंध में सिफारिशें या सूचना तक पहुंच के अधिकार को प्रवर्तनशील बनाने के सुसंगत कोई अन्य विषय भी हैं.
- यदि सूचना आयोग को ऐसा प्रतीत होता है कि इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में किसी लोक प्राधिकारी की पद्धति इस अधिनियम के उपबंधों या भावना के अनुरूप नहीं हैं तो वह लोक प्राधिकारी को ऐसे उपाय विनिर्दिष्ट करते हुये, जो ऐसी अनुरूपता बढ़ाने के लिए किये जाने चाहिएं, सिफारिश कर सकेगा.

वार्षिक प्रतिवेदन

आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25(1) के प्राविधान के क्रम में प्रत्येक वर्ष अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एक वार्षिक रिपोर्ट /प्रतिवेदन तैयार किया जाता है तथा उसकी प्रतियां राज्य सरकार को प्रेषित की जाती हैं. अधिनियम की धारा 25(4) के अनुसार आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन को राज्य सरकार द्वारा विधान मण्डल के पटल पर रखा जाता है.

उक्त वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए राज्य सरकार के समस्त विभागों द्वारा अपने – अपने लोक प्राधिकारियों के सम्बन्ध में आयोग द्वारा अपेक्षित सूचना को अधिनियम की धारा 25(2) के क्रम में आयोग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करना होता है.

आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही

3. आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही

आयोग द्वारा राज्य सरकार को ऐसी संस्तुतियां की जाती हैं जिनके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्राविधानों को सकारात्मक एवं व्यापक रूप में क्रियान्वित किये जाने में सफलता प्राप्त हो सकती है. ऐसी संस्तुतियां सूचना आयोग द्वारा अपने वार्षिक प्रतिवेदनों के माध्यम से की जाती हैं.

इसी क्रम में आयोग द्वारा निम्नलिखित 5 संस्तुतियां वर्ष 2014–15 के वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से राज्य सरकार को की गयी थीं :

संस्तुति : 1

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25 के द्वारा राज्य सूचना आयोग को अनुश्रवण तथा रिपोर्टिंग का उत्तरदायित्व प्रदत्त है. इसी क्रम में आयोग में योजित विभिन्न द्वितीय अपीलों तथा शिकायतों की सुनवाई तथा निस्तारण के दौरान अनेक वादों में आयोग द्वारा सम्बन्धित लोक प्राधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25(5) के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये जाते हैं, तथा ऐसे लोक प्राधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आयोग द्वारा निर्दिष्ट बिन्दुओं पर अनुपालन की कार्यवाही पूर्ण कर आयोग को भी अवगत करायें.

विगत वर्षों में आयोग स्तर से उक्त धारा 25(5) के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों को प्रेषित निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा में यह तथ्य परिलक्षित हुआ है कि अधिकतर प्रकरणों में लोक प्राधिकारियों के द्वारा आयोग के निर्देशों के सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही पूर्ण करते हुये अपनी अनुपालन आख्या प्रेषित नहीं की जा रही है.

धारा 25(5) के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक ऐसे प्रकरण को सम्बन्धित लोक प्राधिकारी द्वारा अपने स्तर पर एक अनुश्रवण पंजिका में दर्ज किया जाना चाहिए जिसमें नीचे दिये गये 8 स्तम्भ बनाये जाने आवश्यक होंगे

आयोग की संस्तुति है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन किये जाने हेतु शासन स्तर से सभी लोक प्राधिकारियों/लोक सूचना अधिकारियों को निर्देश पारित किये जायें.

क्र.	कार्यालय में प्राप्ति का दिनांक	आयोग की अपील/शिकायत संख्या तथा आयोग के आदेश का दिनांक	अपीलकर्ता/शिकायत कर्ता तथा प्रतिवादियों/प्रतिपक्षियों का विवरण	आयोग द्वारा निर्दिष्ट धारा 25(5) के अन्तर्गत अपेक्षित कार्यवाही. (आयोग के आदेश के सम्बन्धित प्रस्तर को अक्षरशः दिया जाये)	लोक प्राधिकारी के स्तर से की गयी कार्यवाही का पूर्ण विवरण एवं दिनांक	आयोग को अनुपालन आख्या प्रेषण का विवरण (पत्रांक/दिनांक)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

संस्तुति : 2

प्रायः प्रथम अपीलीय अधिकारियों के द्वारा या तो प्रथम अपील की प्राप्ति पर आवेदक और लोक सूचना अधिकारी को सुनवाई का नोटिस प्रेषित नहीं किया जाता है अथवा नोटिस समय से प्रेषित नहीं किया जाता है, या नियमानुसार प्रथम अपील की एक तिथि नियत कर दोनों पक्षों को सूचित किए बिना सीधे लोक सूचना अधिकारी को आवेदक को सूचना प्रेषित किए जाने हेतु आदेशित कर दिया जाता है। यह प्रक्रिया सही नहीं है.

प्रथम अपील की प्राप्ति पर समस्त प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा सुनवाई हेतु तिथि नियत की जानी चाहिए. इसके उपरान्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान की सूचना डाक/ई–मेल के माध्यम से अपीलकर्ता एवं सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी को दी जानी चाहिए. समस्त प्रथम अपीलीय

अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोनों पक्षों को प्रथम अपील की सुनवाई तिथि की सूचना दोनों पक्षों को ससमय उपलब्ध करा दी गई है।
अतः आयोग द्वारा संस्तुति की जाती है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन किये जाने हेतु शासन स्तर से भी प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश पारित किये जायें.

संस्तुति : 3

आयोग द्वारा विभिन्न द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों की सुनवायी के दौरान प्रायः यह देखा गया है कि कतिपय लोक सूचना अधिकारी के द्वारा नियमानुसार समयान्तर्गत अतिरिक्त शुल्क की मांग आवेदक से किए जाने के उपरान्त भी सम्बन्धित प्रथम अपीलीय अधिकारी के द्वारा प्रथम अपील के निस्तारण के दौरान अपीलकर्ता को निःशुल्क सूचना उपलब्ध कराए जाने के आदेश निर्गत कर दिए जाते हैं. यह प्रक्रिया सही नहीं है.

सूचना का अधिकार अधिनिमय की धारा–7 की उप धारा–6 के अन्तर्गत यदि लोक सूचना अधिकारी निर्धारित समय सीमा के अन्दर सूचना उपलब्ध नहीं कराते हैं तब प्रथम अपील की सुनवायी/निस्तारण के दौरान अनुरोधकर्ता द्वारा अपेक्षित सूचना/अभिलेख निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना चाहिए. परन्तु लोक सूचना अधिकारी द्वारा नियमानुसार समयान्तर्गत अतिरिक्त शुल्क के लिए आवेदक को यदि नोटिस निर्गत कर यथोचित अतिरिक्त शुल्क जमा करने के लिए अनुरोध किया गया हो और आवेदक द्वारा अतिरिक्त शुल्क जमा नहीं किया गया हो, तब उस स्थिति में प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को स–शुल्क सूचना उपलब्ध करायी जानी चाहिए.

अतः आयोग द्वारा संस्तुति की जाती है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन किये जाने हेतु शासन स्तर से भी प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश पारित किये जायें.

संस्तुति : 4

विभिन्न द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों की सुनवायी के दौरान आयोग के संज्ञान में आया है कि कतिपय प्रथम अपीलीय अधिकारियों के द्वारा प्रथम अपील की सुनवाई का नोटिस निर्गत किए जाने के उपरान्त प्रथम अपील की सुनवायी की नियत तिथि पर अपीलकर्ता के उपस्थित न होने पर दो या दो से अधिक तिथि मात्र इसी कारण से दे दी जाती है कि अपीलकर्ता उपस्थित नहीं हैं, जोकि उचित नहीं है.

अपीलकर्ता को प्रथम अपील की सुनवाई की तिथि की सूचना दे देने के उपरान्त भी अपीलकर्ता के उपस्थित न होने पर, अपीलकर्ता द्वारा व्यक्तिगत सुनवाई का अन्य अवसर चाहने की स्थिति को छोड़कर, प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा अपील की सुनवाई की जानी चाहिए. सम्बन्धित प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा, लोक सूचना अधिकारी द्वारा अनुरक्षित की जा रही पत्रावली की जांच कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलकर्ता को प्रत्येक अनुमन्य/उचित सूचना/अभिलेख सत्यापित प्रतिलिपि के रूप में प्रदान करते हुए सूचना आवेदन का सूचना का अधिकार अधिनियम की संगत धाराओं के प्राविधानों के अधीन निस्तारण कर दिया गया है. प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारियों द्वारा लोक सूचना अधिकारी के निर्णय से इतर अपनी सहमति/असहमति को लिखित रूप में, कि किन बिन्दुओं पर असहमति है, कारण बताते हुए इंगित किया जाना चाहिए.

अतः आयोग द्वारा संस्तुति की जाती है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन किये जाने हेतु शासन स्तर से भी प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश पारित किये जायें.

संस्तुति : 5

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 5(1) के अंतर्गत प्रत्येक लोक प्राधिकारी कार्यालय / विभाग द्वारा अपने यहां प्राप्त होने वाले सूचना अनुरोध पत्रों के नियमानुसार निस्तारण के लिए लोक सूचना अधिकारियों को नामित किया जाना आवश्यक है. इसी क्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के स्तर पर भी लोक सूचना अधिकारियों को नामित किया भी गया है. आयोग में योजित विभिन्न द्वितीय अपीलों तथा शिकायतों की सुनवाई के समय यह तथ्य सामने आया है कि वन विभाग में विभागीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी लोक सूचना अधिकारियों के रूप में नामित किया गया है जबकि अनुरोधकर्ताओं को वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को संबंधित वन प्रभाग अथवा कार्यालय के उच्च स्तरों से सूचना प्राप्त करनी होती है तथा उच्च स्तर से धारित सूचना लेने हेतु अनुमोदन लेना हेाता है. इससे जहां एक ओर इस प्रक्रिया में समय व श्रम व्यर्थ होता है वहीं दूसरी ओर अनुरोधकर्ता को नियमानुसार समयांतर्गत सूचना उपलब्ध करा पाना भी संभव नहीं हो पाता है.

अतः आयोग की संस्तुति है कि शासन द्वारा इस तथ्य का संज्ञान लेते हुये प्रदेश के समस्त लोक प्राधिकारियों/विभागों

के स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक विभाग के द्वारा नामित लोक सूचना अधिकारी ऐसे विभागीय स्तर के अधिकारी हों जिनकी विभागीय अभिलेखों तक सरलता से पहुंच हो तथा जो आवेदनकर्ताओं को न्यूनतम समय के अंतर्गन वांछित सूचना उपलब्ध करा सकें.

वर्ष	संस्तुतियों की संख्या	कृत कार्यवाही
2005 — 06	03	03
2006 — 07	20	12
2007 — 08	08	04
2008 — 09	09	04
2009 — 10	04	04
2010 — 11	05	05
2011 — 12	03	02
2012 — 13	03	02
2013 — 14	05	02
2014 — 15	05	00

आयोग द्वारा अपने पूर्व वार्षिक प्रतिवेदनों के माध्यम से की गई संस्तुतियों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015—16 में निर्गत कतिपय शासनादेशों की प्रतियां अग्रेतर पृष्ठों में सग्ंलन है।

संख्या– /xxxi(15)2016G-06(रा0सू0आ0)/2015

प्रेषक,

एस0राजू,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादूनः दिनांक /0 मार्च, 2016

विषयः– समस्त जनपदों में जनपद मुख्यालय स्तर पर एकरुपता लाने के लिए जिलाधिकारी को प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक के सन्दर्भ में उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2011–2012 द्वारा संस्तुति की गई है कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005, के अन्तर्गत सचिवालय स्तर पर अनुभाग अधिकारियों के स्थान पर अनु सचिव व उप सचिव के स्थान पर अपर सचिव को प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी नामित कर दिया गया है। यद्यपि पूर्व में अपर सचिव लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव/प्रमुख सचिव प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी नामित थे, आयोग की यह संस्तुति है कि जनपद मुख्यालयों में कुछ जनपदों में अपर जिला मजिस्ट्रेट तो कुछ जनपदों में स्वयं जिलाधिकारी अपीलीय अधिकारी हैं, जिस कारण जनसामान्य के स्तर पर असमंजस एवं भ्रांति रहती है। प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपद मुख्यालय स्तर पर इस सम्बन्ध में एकरुपता होनी आवश्यक है तथा जिलाधिकारी को ही प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित किया जाए ताकि सूचना का अधिकार सम्बन्धी कार्य प्रभावी ढंग से सम्पादित हो सके।

2. अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2011–12 की संस्तुति के क्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों के जनपद मुख्यालय स्तर पर एकरुपता लाने के लिए जिलाधिकारी को प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित करने का कष्ट करें,उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(एस0राजू)
मुख्य सचिव।

संख्या– 853 /xxxi(15)2016G-06(रा0सू0आ0)/2015,तददिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव,उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून ।

2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डल ।
3–समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।
4–निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश को राजकीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
प्रभारी सचिव

संख्या– /xxxi(15)2016G-06(रा0सू0आ0)/2015

प्रेषक,

एस0राजू,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1–समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ ।
3–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4–समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादूनः दिनांक 10 मार्च, 2016

विषयः– **सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत धारा 4(1) (ख) में प्रदत्त प्राविधानों के अन्तर्गत मैनुअलों के वार्षिक अध्यावधिकरण तथा उनके प्रकाशन एवं इंटरनेट पर अपलोडिंग की कार्यवाही के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक के सन्र्दभ में उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2011–2012 द्वारा संस्तुति की गई है कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005, के अन्तर्गत अधिनियम की धारा 4(1)(ख) के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों द्वारा proactive disclosure तैयार किये गये 17 मैनुअलों को प्रतिवर्ष अद्यतन किये जाने तथा अधिनियम की धारा 4(2), 4(3) तथा 4(4) के अन्तर्गत मैनुअलों तक जनसामान्य की पहुंच को सहज बनाने के उद्देश्य से उनको प्रकाशित करने तथा इंटरनेट के माध्यम से प्रसारित करने का दायित्व भी लोक प्राधिकारियों का है। आयोग द्वारा लोक प्राधिकारियों द्वारा तैयार किये गये मैनुअलों के वार्षिक अद्यावधिकरण तथा उनके प्रकाशन एवं इंटरनेट पर अपलोडिंग की कार्यवाही को वार्षिक रुप से माह अप्रैल से जून के मध्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त लोक प्राधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग की संस्तुति है कि इस सम्बन्ध में शासन स्तर से भी समस्त लोक प्राधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार समयबद्ध कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जाये जिससे लोक प्राधिकारियों के 17 मैनुअल अद्यावधिक हो सकें

2. उपरोक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–636/xxxi(13)/G/2011 दिनांक 18 मई, 2011 तथा शासनादेश संख्या–1650/xxxi((13)G/2013–36 (सू0आ0)/2012 दिनांक 15 मई, 2013 पूर्व में ही निर्गत किये जा चुके हैं।

3. अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2011–12 की संस्तुति के क्रम में प्रत्येक प्रशासकीय विभाग सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1) (ख) के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों द्वारा तैयार किये गये 17 मैनुअल तथा अधिनियम की धारा 4(2), 4(3) तथा 4(4) के अन्तर्गत मैनुअलों तक जन सामान्य की पहुँच को सहज बनाने के उद्देश्य से उक्त मैनुअलों को प्रतिवर्ष माह अप्रैल से माह जून तक अध्यावधिक करने के उपरान्त उनका प्रकाशन एवं

इंटरनेट पर अपलोड करने का कष्ट करें जिससे जनसामान्य को इनके माध्यम से आवश्यक सूचनायें सीधे प्राप्त हो सके।

4. प्रत्येक प्रशासकीय विभाग अपने 17 मैनुअल के अद्यावधिकरण, प्रकाशन एवं इंटरनेट पर अपलोड करने के उपरान्त प्रत्येक वर्ष 30 जून तक कार्यवाही की सूचना की 01 प्रति हार्ड एवं साफ्ट कापी में सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(एस0राजू)
मुख्य सचिव।

352

संख्या– / xxxi(15)2016G-06(रा0सू0आ0) / 2015,तददिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव,उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून ।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डल ।
3–समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।
4–समस्त अनुभाग अधिकारी सचिवालय परिसर देहरादून।
5–निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश को राजकीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
प्रभारी सचिव

संख्या– 231 /xxxi(15)2016G-07(रा0सू0आ0)/2015

प्रेषक,

शत्रुघ्न सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1–समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ ।
3–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4–समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादूनः दिनांक 17 जनवरी, 2016

विषयः– प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकरियों द्वारा प्रथम अपीलों के निस्तारण की प्रकिया सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक के सन्र्दभ में उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2012–2013 द्वारा संस्तुति की गई है कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005, के अन्तर्गत प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी, प्रथम अपील के निस्तारण में मात्र लोक सूचना अधिकारी को सूचना 10 दिन या एक सप्ताह आदि अवधि में प्रेषित किए जाने के मात्र निर्देश दे रहे हैं, उनके द्वारा यह नहीं देखा जा रहा है कि क्या धारा–8 के विभिन्न प्राविधानों, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, विभिन्न मा0 उच्च न्यायालयों द्वारा पारित निर्णयों के परिपालन में सम्बन्धित सूचना दी सकती है कि नहीं, जिस कारण आयोग के समक्ष द्वितीय अपीलें प्रस्तुत करनी पड़ रही हैं। आयोग द्वारा संस्तुति की गयी है कि प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी को चाहिए कि 15–15 दिन की तारीखें लगाकर लोक सूचना अधिकारी को सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित करें व तब तक अपील का निस्तारण न करें जब तक कि अनुरोध पत्र की सभी दी जाने वाली सूचनायें प्रेषित न कर दी जाये।

2– इस सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–1427/xxxi(15)G-07(रा0सू0आ0)/2015 दिनांक 13 जून,2012 के द्वारा भी प्रथम अपीलों के निस्तारण की प्रक्रिया सम्बन्धी दिशा निर्देश निर्गत किए गये हैं ।

3— उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवदेन 2012—2013 की संस्तुति के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी, प्रथम अपील के निस्तारण में 15—15 दिन की तारीखें लगाकर लोक सूचना अधिकारी को सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित करें व तब तक अपील का निस्तारण न करें जब तक कि अनुरोध पत्र की सभी दी जाने वाली सूचनायें प्रेषित न कर दी जाये। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(शत्रुघ्न सिंह)
मुख्य सचिव।

231
संख्या— /xxxi(15)2016G-07(रा0सू0आ0)/2015,तददिनांक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1—सचिव,उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून ।
2—मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊॅं मण्डल ।
3—समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।
4—समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5—निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर देहरादून।
5—गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
प्रभारी सचिव

232

संख्या– /xxxi(15)2016G-07(रा0सू0आ0)/2015

प्रेषक,

शत्रुघ्न सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1–समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ ।
3–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4–समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादूनः दिनांक 17 जनवरी, 2016,

विषयः विभगों में सूचनाओं के स्वः प्रकटन की व्यवस्था किए जाने हेतु विभागीय कार्य कलापों को प्रकट करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपयुर्क्त विषयक उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2012–2013 द्वारा संस्तुति की गई है कि कार्मिक, प्रशिक्षण तथा लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गये दिशा–निर्देशों के अनुरुप शासन के समस्त विभागों में सूचनाओं के स्वःप्रकटन की व्यवस्था किए जाने हेतु उन सब विभागीय कार्य–कलापों को चिन्हित कर उससे सम्बन्धित सूचनायें धारा 4(1)(ब) के अनुसार प्रकट करने की कार्यवाही प्रतिवर्ष एक निर्धारित अवधि यथा 30 जून तक करने के निर्देश जारी किये जाय जिससे सभी विभागों की सूचना पारदर्शिता पूर्वक सार्वजनिक संज्ञान में आ जायेगी तथा नागरिकों को पृथक से सूचना मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

2– अतः इस सम्बध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2012–13 की संस्तुति के क्रम में प्रत्येक प्रशासकीय विभाग सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 4(1) (ब) के अनुसार वर्षभर के कियाकलापों को चिन्हित कर प्रतिवर्ष 30 जून तक समस्त सूचनायें स्वः प्रकटन करने का कष्ट करें, ताकि नागरिकों को पृथक से सूचना मांगने की आवश्यकता न पडे।

3– प्रत्येक प्रशासकीय विभाग अपने वार्षिक किया–कलापों के चिन्हीकरण करने के उपरान्त प्रत्येक वर्ष 30 जून से पूर्व सूचना सामान्य प्रशासन विभाग को भी एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेगे,उक्त निर्देशो का पालन करना सुनिश्चत करें।

भवदीय

(शत्रुघ्न सिंह)
मुख्य सचिव।

232
संख्या– /xxxi(15)2016G-07(रा0सू0आ0)/2015,तददिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव,उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून ।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डल ।
3–समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।
4–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5–गार्ड फाईल।
6–निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
प्रभारी सचिव

सूचना आवेदन पत्रों,
द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों
का
संख्यात्मक विवरण

4. सूचना आवेदन पत्रों, द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों का संख्यात्मक विवरण

विभिन्न लोक प्राधिकारियों के स्तर से आयोग को मासिक प्रगति विवरणों तथा आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के संख्यात्मक विवरण को निम्नलिखित ग्राफ / संख्यात्मक विवरण के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है :

4.1 प्रदेश के लोक प्राधिकारियों को प्राप्त सूचना आवेदन पत्रों की संख्या

वर्ष 2015–16 में प्रदेश के विभिन्न लोक प्राधिकारी कार्यालयों में नामित लोक सूचना अधिकारियों को कुल 104258 सूचना आवेदन पत्र प्राप्त हुये जिसके सापेक्ष कुल 93791 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण लोक सूचना अधिकारियों द्वारा किया गया. इस वर्ष राजस्व विभाग को सबसे अधिक 15902 सूचना आवेदन पत्र प्राप्त हुये.

4.2 आयोग में लोक प्राधिकारीवार प्राप्त द्वितीय अपीलों की संख्या

वर्ष 2015–16 में राजस्व विभाग से सम्बन्धित सबसे अधिक द्वितीय अपील आयोग में प्राप्त हुयीं. इसके उपरान्त गृह विभाग, वन विभाग, विद्यालयी शिक्षा विभाग, तथा समाज कल्याण विभाग से प्राप्त द्वितीय अपीलों की संख्या थी.

4.3 आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों का जनपदवार प्रतिशत

आयोग को वर्ष 2015–16 में जनपद देहरादून से 30 प्रतिशत द्वितीय अपील प्राप्त हुयीं जो आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों की संख्या का सर्वाधिक था. इसके उपरान्त हरिद्वार, उधम सिंह नगर तथा नैनीताल जनपदों से आयोग को प्राप्त द्वितीय अपीलों की संख्या रही. बागेश्वर, रूद्रप्रयाग तथा चम्पावत जनपदों से प्राप्त द्वितीय अपीलों की संख्या एवं प्रतिशत अत्यंत कम रहा.

4.4 आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों का महिला – पुरूष प्रतिशत

विगत वर्ष की अपेक्षा वर्ष 2015–16 में महिला अपीलकर्ताओं की संख्या में अल्प सुधार हुआ (7 प्रतिशत) तथा पुरूष अपीलकर्ताओं द्वारा ही अधिकतम द्वितीय अपीलें आयोग को प्रेषित की गयी.

4.5 आयोग में प्राप्त द्वितीय अपीलों का शहरी – ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिशत

वर्ष 2015–16 में ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 31 प्रतिशत तथा शेष द्वितीय अपीलें शहरी क्षेत्र से आयोग को प्राप्त हुयीं.

4.6 आयोग में धारा 18 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का जनपदवार प्रतिशत

इस अवधि में द्वितीय अपीलों की भांति देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा उधम सिंह नगर जनपदों से प्राप्त शिकायतों की संख्या अधिक रही है जबकि बागेश्वर, तथा चम्पावत जनपदों से प्राप्त शिकायतों की संख्या न्यूनतम रही है.

4.7 आयोग में प्राप्त शिकायतों का महिला – पुरूष प्रतिशत

वर्ष 2015–16 में कुल प्राप्त शिकायतों में से 10 प्रतिशत ही महिला शिकायतकर्ताओं द्वारा आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं तथा शेष शिकायतकर्ता पुरूष रहे.

4.8 आयोग में प्राप्त शिकायतों का शहरी – ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिशत

ग्रामीण क्षेत्रों से आयोग को वर्ष 2015–16 में 27 प्रतिशत शिकायतें प्राप्त हुयीं हैं जो कि विगत वर्ष की अपेक्षा कुछ कम है.

4.9 लोक प्राधिकारीवार प्रगति विवरण

विभिन्न लोक प्राधिकारियों को वर्ष 2015–16 में प्राप्त सूचना अनुरोध पत्र, प्रथम अपील तथा उनके सापेक्ष कृत निस्तारण आदि को इस विवरण में दिया गया है.

लोक प्राधिकारीवार प्राप्त सूचना आवेदन पत्र (2015–16)

श्रेणी – क (ऐसे विभाग जहां अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुये)



श्रेणी – ख (ऐसे विभाग जहां सामान्य संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुये)



श्रेणी – ग (ऐसे विभाग जहां कम संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुये)



